बडौदा उत्तर प्रदेश
ग्रामीण बैंक

Baroda Uttar Pradesh
Gramin Bank

**WEB NOTICE**

**Recruitment of Retired Staff as Concurrent Auditor for FY 2020-21** **Dated 20.01.2020**

**विषय : बैंक में संगामी लेखा परीक्षण (Concurrent Audit) कार्य हेतु बैंक से सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V की सेवाये लिया जाना**

बैंक के निम्नलिखित जनपदों में कार्यरत शाखाओं पर संगामी लेखा परीक्षा का कार्य करवाने के लिए बैंक के सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V की सेवाये लिए जाने का निर्णय लिया गया है –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.इलाहाबाद | 2. अमेठी | 3. बरेली | 4. फैजाबाद | 5. अम्बेडकर नगर |
| 6. फतेहपुर | 7.कौशाम्बी | 8. कानपुर | 9. कानपुर देहात | 10. प्रतापगढ़ |
| 11. रायबरेली | 12. शाहजहाँपुर | 13. पीलीभीत | 14. सुल्तानपुर | |

संगामी लेखा परीक्षण हेतु सेवानिवृत (अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V) के लिए पात्रता एवं अन्य शर्तें निम्नवत है :-

पात्रता :-

- बैंक के सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V आवेदन कर सकते हैं |
- सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V, जो अग्रिम कार्यक्षेत्र में पर्याप्त दक्षता रखते हो, finacle system पर कार्य हेतु सक्षम हो एवं शाखा प्रबंधक के रूप में न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव रखते हो, के आवेदन पर विचार किया जायेगा |
- पूर्वोक्त श्रेणी के सेवानिवृत अधिकारी, सेवानिवृत की तिथि से प्रथम 05 वर्षो के दौरान संगामी लेखा परीक्षण हेतु 65 वर्ष की आयुसीमा तक पात्र होंगे |
- पूर्वोक्त श्रेणी के सेवानिवृत अधिकारी को संगामी लेखा परीक्षा कार्य संपन्न करने हेतु शारीरिक रूप से सक्षम एवं आवंटित शाखा / (ओ) पर आवागमन हेतु समर्थ होना चाहिए |
- पूर्वोक्त श्रेणी के सेवानिवृत अधिकारी को, बैंक के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उपरोक्त जनपदों के/ नजदीक का निवासी होना चाहिए |
- बैंक द्वारा सेवानिवृत अधिकारी को निवास करने वाले जनपद / नजदीकी जनपद की शाखाएं आवंटित किये जाने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा |
- पूर्व में अनिवार्य सेवानिवृत (Compulsory Retirement), सेवा से हटाये गए (Removal from service) या बर्खास्त (Dismissal) सेवानिवृत अधिकारी इस उद्देश्य के लिए अयोग्य / अपात्र माने जायेंगे |
- सेवानिवृत अधिकारी के पास Laptop / Computer System की उपलब्धता आवश्यक है |

पारिश्रमिक :-

प्रति त्रैमास प्रति शाखा अनुमन्य पारिश्रमिक का विवरण निम्नवत है :-

| | |
|---|---|
| रु. 10 करोड़ तक अग्रिम अवशेष वाली शाखायें | रु. 12000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |
| रु. 10 करोड़ से अधिक परन्तु रु. 20 करोड़ तक अग्रिम अवशेष वाली शाखायें | रु. 13000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |
| रु. 20 करोड़ से अधिक अग्रिम अवशेष एवं जिला मुख्यालय की शाखायें | रु. 15000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |

प्रधान कार्यालय
ए-1, सिविल लाइन्स, रायबरेली (उ०प्र०)-229001
☎ : (0535) 2702050, 2703875
Fax : (0535) 2700723
Head Office
A-1, Civil Lines, Raebareli (U.P.)-229001


- अग्रिम अवशेष की सीमा के आकलन हेतु आवंटित शाखा का प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर को अग्रिम अवशेष आधार माना जायेगा |
- उक्त धनराशि पर देय टैक्स का नियमानुसार भुगतान किया जाना अपेक्षित / लागू है |

प्रति त्रैमास यात्रा व्यय का भुगतान निम्नवत विवरण के अनुसार किया जायेगा –

| | |
|---|---|
| जिला मुख्यालय की शाखायें | कुछ नहीं |
| जिला मुख्यालय से 25 कि. मी. दूरी तक की शाखायें | रु. 1000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |
| जिला मुख्यालय से 25 कि. मी. से अधिक परन्तु 50 की. मी. से अनाधिक की शाखायें | रु. 2000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |
| जिला मुख्यालय से 50 कि. मी. से अधिक दूरी की शाखायें | रु. 3000/- प्रति शाखा प्रति त्रैमास |

- उपरोक्त पारिश्रमिक / यात्रा व्यय में, सभी आउट आफ पॉकेट व्यय, सेवानिवृत अधिकारी द्वारा आवंटित शाखा और / अथवा नियंत्रक कार्यालय पर भ्रमण और / अथवा आवश्यकता / अनुरोध पर संगामी लेखा परीक्षण सम्बन्धी बैठको में भाग लेने हेतु किया गया स्थानीय व्यय सम्मिलित है |
- बैंक द्वारा वित्तपोषित ऋणी की परियोजना / यूनिट / गोदाम सहित बैंक के पक्ष में प्रभारित प्रतिभूतियो के सत्यापन हेतु सेवानिवृत अधिकारी के भ्रमण की व्यवस्था संगामी लेखा परीक्षण हेतु आवंटित शाखा द्वारा की जाएगी |
- संगामी लेखा परीक्षण के लिए सेवानिवृत अधिकारी को पारिश्रमिक / यात्रा व्यय का भुगतान त्रैमासिक आधार पर किया जायेगा |
- त्रैमासिक पारिश्रमिक / यात्रा व्यय का भुगतान का अनुरोध , सम्बंधित त्रैमास हेतु संगामी लेखा परीक्षण रिपोर्ट के साथ प्रेषित जाना चाहिए |
- संगामी लेखा परीक्षण हेतु पारिश्रमिक हेतु पारिश्रमिक / यात्रा व्यय का भुगतान सम्बंधित / आवंटित शाखा द्वारा संगामी लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरांत ही किया जायेगा |

कार्यदायित्व:-

- संगामी लेखा परीक्षा करने वाले सेवानिवृत अधिकारी का मुख्य कार्य बैंक द्वारा लेनदेन के साथ – साथ आंतरिक जांच और अन्य सत्यापनो एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन के प्रयासों में संपूरक की भूमिका निभाना है |
- संगामी लेखा परीक्षा का दायरा प्रयाप्त रूप से बड़ा होना चाहिए जिससे उसमे नकदी की सार-संभाल, जमाराशियो, प्रतिभूतियो की सेफ कस्टडी, निवेशो, अतिदेय बिलों, विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग, विविध और उच्चंत खाते, अंतर शाखा मिलान, समाशोधन भिन्नताओ, ऋणपत्र और गारंटी जैसे तुलन पत्र से इतर मदें, ट्रेजरी कार्य और क्रेडिट कार्ड व्यवसाय जैसे धोखाधड़ी की सम्भावना वाले क्षेत्र शामिल हो सके |
- संगामी लेखा परीक्षा का विस्तृत दायरा स्पष्ट और समान रूप से निर्धारित कर निम्नवत routine परिचालानात्मक गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है जिनसे सम्बंधित कवरेज की बिन्दुवार मदों का विवरण शाखा आवंटन के साथ सेवानिवृत अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा :-

प्रधान कार्यालय
ए–1, सिविल लाइन्स, रायबरेली (उ0प्र0)–229001
☎ : (0535) 2702050, 2703875
Fax : (0535) 2700723
Head Office
A-1, Civil Lines, Raebareli (U.P.)–229001


| | | |
|---|---|---|
| • Cash | • Clearing | • Remittances / Bills for Collection |
| • Opening of Accounts | • Security Forms | • Issue of Chequebook |
| • Deposits | • Advances | • Letter of Credit / Bank Guarantees |
| • Housekeeping | • Verification of Credit / Debit Card | • Investment / treasury Operations |
| • Others | | |

<u>अन्य शर्तें :-</u>

- इच्छुक सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल – III, IV व V से निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर पात्र व्यक्तियों का चयन समिति द्वारा साक्षात्कार किया जायेगा और अंतिम रूप से चयनित सेवानिवृत अधिकारियो को सूचीबद्ध (empannel) किये जाने के उपरांत संगामी लेखा परीक्षण हेतु शाखा का आवंटन किया जायेगा |
- सेवाकाल के दौरान जिन शाखाओं पर <u>सेवानिवृत अधिकारी द्वारा कार्य किया गया है उन शाखाओं का आवंटन संगामी लेखा परीक्षा हेतु नहीं किया जायेगा</u> |
- संगामी लेखा परीक्षण हेतु सेवानिवृत अधिकारी का चयन (engagement) और शाखा आवंटन सामान्यतः एक वर्ष के लिए किया जायेगा और आवंटित शाखा में परिवर्तन सहित या परिवर्तन के बिना अवधि विस्तारण संगामी लेखा परीक्षा कार्य सम्बन्धी कार्यनिष्पादन (performance) के दृष्टिगत बैंक के एकल विवेकाधिकार (sole discretion) के अधीन होगा |
- संगामी लेखा परीक्षण सम्बन्धी सेवानिवृत अधिकारी के कार्य निष्पादन की समीक्षा आवंटित शाखा से सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की जाएगी |
- संगामी लेखा परीक्षण हेतु आवंटित शाखा पर हो रहे लेनदेन में material ommission अथवा commission के लिए सेवानिवृत अधिकारी जिम्मेदार होगा | सेवानिवृत अधिकारी से बैंक के सर्वोतम हित में संगामी लेखा परीक्षण किये जाने की अपेक्षा की जाती है | यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि उनके द्वारा संगामी लेखा परीक्षा के दौरान किये गए अवलोकन (observation) अस्पष्ट / विरोधाभासी (ambiguous) और / अथवा बैंक के नीतिगत मार्ग निर्देशों के विपरीत न हो तथा बैंकिंग में व्यावहारिक दृष्टिकोण को अनदेखा न किया गया हो |
- संगामी लेखा परीक्षण करते हुए सेवानिवृत अधिकारी के कार्य में किसी प्रकार का गंभीर ommission या commission एवं संगामी लेखा परीक्षा सम्बन्धी कार्य निष्पादन और / अथवा तत्संबंधी रिपोर्ट की गुणवत्ता संतोषजनक (up to mark) न पाए जाने पर सेवानिवृत अधिकारी का चयन किसी भी समय समाप्त किये जाने का एकल विवेकाधिकार (sole discretion) बैंक के पक्ष में सुरक्षित होगा |

संगामी लेखा परीक्षण कार्य करने के इच्छुक बैंक के सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल – III, IV व V संलग्न प्रारूप पर आवेदन प्रधान कार्यालय को प्रेषित करे | पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं वांछित प्रपत्रों के साथ आवेदन पत्र बैंक के प्रधान कार्यालय में दिनांक 10.02.2020 तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये | निर्धारित तिथि 10.02.2020 के बाद प्राप्त हुए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा | <u>कृपया नोट करे कि हमारे तत्संबंधी विगत परिपत्र संख्या प्र. का. /10/निरी/2017-18/85 दिनांक 16/17.08.2017, प्र. का. /10/निरी/2017-18/232 दिनांक 27.03.2018 एवं प्र. का.</u>

प्रधान कार्यालय
ए–1, सिविल लाइन्स, रायबरेली (उ0प्र0)–229001
☎ : (0535) 2702050, 2703875
Fax : (0535) 2700723
**Head Office**
**A-1, Civil Lines, Raebareli (U.P.)–229001**

/11/निरी/2018-19/266 दिनांक 25.03.2019 के द्वारा चयनित सेवानिवृत कार्मिक इस प्रक्रिया में पात्र नहीं होंगे | संगामी लेखा परीक्षण हेतु सेवानिवृत आधिकारी को चयन (engagement) सम्बन्धी साक्षात्कार की सूचना अलग से दी जाएगी | अंतिम रूप से चयन उपरांत सूचीबद्ध (empannel) सेवानिवृत अधिकारियो को चयन सम्बन्धी पत्र जारी किया जायेगा |

सभी शाखाओं / क्षेत्रीय कार्यालयो से अनुरोध है कि इस परिपत्र / विषयवस्तु को सभी सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V की जानकारी में लाये एवं शाखा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित करे | शाखाओं / कार्यालयों पर कार्यरत कार्मिको के संज्ञान में भी इस परिपत्रो की विषयवस्तु लायी जाये जिससे वे अपने संपर्क में आने वाले सेवानिवृत अधिकारियो को अवगत करा सके और अधिकाधिक / इच्छुक सेवानिवृत अधिकारी ग्रेड / स्केल III, IV व V तत्संबंधी आवेदन कर सके |

भवदीय

(चंदर बणाला)
महाप्रबंधक

संलग्नक- आवेदन पत्र का प्रारूप

बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
**Baroda Uttar Pradesh Gramin Bank**

प्रधान कार्यालय
ए–1, सिविल लाइन्स, रायबरेली (उ0प्र0)–229001
☎ : (0535) 2702050, 2703875
Fax : (0535) 2700723
Head Office
A-1, Civil Lines, Raebareli (U.P.)–229001

# APPLICATION FORM FOR ENGAGEMENT OF RETIRED BANK OFFICER G/S – III, IV & V FOR CONCURRENT AUDIT

1. Name (in block letters) : ____________________

2. Father's Name : ____________________

3. (a.) E. C. No. : ____________________
   (b.) Mobile No. : ____________________
   (c.) Email Id : ____________________

4. Last Grade/Scale : ____________________

5. Date of Birth : ____________________

6. Age as on 31.03.2020 : Years ________ Month ______ Days ____________

7. Date of Joining in the Bank : ____________________

8. (a.) Last Place of Posting :Branch/Office ____________ Region/HO ________
   (b.) Permanent Address : ____________________
   ____________________
   (c.) Present Address : ____________________
   ____________________

9. Date of Promotions
   (a) Officer Scale I to Officer Scale II : ____________________
   (b) Officer Scale II to Officer Scale III : ____________________
   (c) Officer Scale III to Officer Scale IV : ____________________
   (d) Officer Scale IV to Officer Scale V : ____________________

10. Qualification
(a.) (i) Educational : ____________________
     (ii) Professional : ____________________
(b.) CAIIB/ JAIIB/ CAIIB-I/ CAIIB-II : ____________________
(c.) Computer Literacy : ____________________

11. Experience as Branch Manager (Separate sheet may be attached)

| Name of Erstwhile RRB/Bank | Branch/ Office | From | To | Designation | Nature of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

# बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
# Baroda Uttar Pradesh Gramin Bank

प्रधान कार्यालय
ए–1, सिविल लाइन्स, रायबरेली (उ०प्र०)–229001

☏ : (0535) 2702050, 2703875
Fax : (0535) 2700723

Head Office
A-1, Civil Lines, Raebareli (U.P.)–229001


11. Disciplinary action initiated/ Punishment imposed by the Bank in Past (If Any) case to case basis separately: ____________________

12. Whether Sufering from any Major health Problem/Ailment: ____________________

13. Date of Retirement: ____________________

14. (a.) Details of engagement After retirement (If Any): ____________________
    (b.) Income derived thereof : ____________________

I declare that the information furnished above are true & correct

Date : ___________
Place : ___________

Signature of Applicant
Name : ___________

---

FOR OFFICE USE ONLY